कार्यालय मुख्य प्रबन्धक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, धौलपुर आगार

क्रमांक/सा0/शाखा0/धौलपुर/2021/ 1109 दिनांकः– 19.3.21

निविदा सूचना

केन्द्रीय बस स्टैण्ड एवं आगार कार्यालय धौलपुर पर सफाई की व्यवस्था हेतु निविदायें आमंत्रति की जाती हैं निविदा प्रपत्र एवं शर्तें निर्धारित राशि रू0 100 नकद जमा करावाकर निम्न हस्ताक्षकर्ता के कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते हैं इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने प्रस्ताव दिनांक 15.04.2021 को समय 15:00 बजे तक जमा कर सकते हैं निविदा प्रस्ताव उसी दिन समय 16:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेंगे।

निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर राशि 5,000/–रू0 नकद अथवा डी0डी0/बैंकर्स चैक मुख्य प्रबन्धक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम धौलपुर आगार के नाम जमा करानी होगी । धरोहर राशि 5,000/–रू0 के बिना प्रस्ताव मान्य नहीं होगा।

किसी भी प्रस्ताव/सभी प्रस्तावकों को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार होगा । शर्तें निम्न प्रकार रहेगीः–

1. प्रतिदिन केन्द्रीय बस स्टेण्ड धौलपुर एवं आगार कार्यालय धौलपुर तीन बार झाड़ू तीन बार पोंछा लगाना (एक बार फिनाइल एवं दो बार सादा पानी से) आवश्यक होगा ।
2. केन्द्रीय बस स्टेण्ड के समस्त खाली परिसर में दो बार झाड़ू लगाना आवश्यक होगा।
3. सप्ताह में एक बार प्लेटफार्म की नालियों को कीटनाशक पाउडर से छिड़कना होगा।
4. कचरा पात्रों में नियमित रूप से खाली कर साफ रखना।
5. बस स्टेण्ड परिसर की दीवारों पर पेशाव करने वाले यात्रियों को रोकना एवं दीवारों के सहारे समुचित साफ–सफाई रखना ।
6. बस स्टेण्ड परिसर आगार कार्यालय धौलपुर के शौचालय एवं मूत्रालयों की नियमित साफ–सफाई करना।
7. सफाई करने के तुरन्त बाद कचरा, कचरा पात्र में ही डालना होगा।
8. यदि कचरा बस स्टेण्ड परिसर में डाला गया तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया जावेगा।
9. अनुबन्ध एक वर्ष हेतु किया जावेगा कार्य संतोष जनक होने पर अनुबन्ध बढ़ाया जा सकेगा।
10. कार्य संतोषजनक नहीं होने पर अनुबन्ध कभी भी समाप्त किया जाकर धरोहर राशि निगम हित में जप्त कर ली जावेगी।
11. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र धौलपुर होगा।

(श्री रवि कुमार मेहरा)
मुख्य प्रबन्धक, धौलपुर आगार